Drishti IAS



# करेंट अफेयर्स छत्तीसगढ़

## दिसंबर 2024

(संग्रह)


Drishti, 641, First Floor, Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009

Inquiry: +91-87501-87501

Email: care@groupdrishti.in

# अनुक्रम

**छत्तीसगढ़**


- केंद्र ने PMGAY के तहत आवास उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को मंज़ूरी दी 3
- छत्तीसगढ़ में माओवादियों से मुठभेड़ 4
- वन एवं वृक्ष आवरण वृद्धि में छत्तीसगढ़ शीर्ष पर: ISFR 5
- छत्तीसगढ़ रेलवे स्टेशन का नवीनीकरण 6



दृष्टि The Vision

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME


नोट :

# छत्तीसगढ़

## केंद्र ने PMGAY के तहत आवास उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को मंज़ूरी दी

### चर्चा में क्यों ?

छत्तीसगढ़ सरकार ने घोषणा की है कि केंद्र ने **प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत 15,000 आवास उपलब्ध कराने के उसके प्रस्ताव को मंज़ूरी दे दी है। कल्याणकारी पहल के तहत ये घर आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों और नक्सल हिंसा से प्रभावित व्यक्तियों को आवंटित किये जाएँगे।**

- इस बात पर ज़ोर दिया गया कि इस योजना का उद्देश्य **सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना** 2011 और **आवास प्लस 2018 सूचियों से बाहर रह गए परिवारों को शामिल करना है।**

### मुख्य बिंदु

#### प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण ( PMAY-G )

- **परिचय:**
  - **वर्ष 2016 में शुरू की गई** PMAY-G का उद्देश्य समाज के **सबसे गरीब तबके को आवास उपलब्ध कराना है।**
  - लाभार्थियों के चयन में **तीन चरणों की गहन सत्यापन प्रक्रिया शामिल है,** जिसमें **सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना 2011, ग्राम सभा अनुमोदन** और **जियो-टैगिंग** शामिल है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि सहायता सबसे योग्य व्यक्तियों तक पहुँचे।

#### PMAY-G के अंतर्गत लाभार्थियों को मिलेगा:

- **वित्तीय सहायता:** मैदानी क्षेत्रों में 1.20 लाख रुपए तथा पूर्वोत्तर राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों सहित पहाड़ी राज्यों में 1.30 लाख रुपए।
- **शौचालयों के लिये अतिरिक्त सहायता:** **स्वच्छ भारत मिशन - ग्रामीण ( SBM-G )** या **महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी योजना ( MGNREGS )** या किसी अन्य समर्पित वित्त पोषण स्रोत जैसी योजनाओं के साथ अभिसरण के माध्यम से शौचालयों के निर्माण के लिये 12,000 रुपए।
- **रोज़गार सहायता:** आवास निर्माण के लिये **महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी अधिनियम ( MGNREGA )** के माध्यम से लाभार्थियों के लिये 90/95 व्यक्ति-दिवस अकुशल मज़दूरी रोज़गार का अनिवार्य प्रावधान।
- **बुनियादी सुविधाएँ:** प्रासंगिक योजनाओं के साथ अभिसरण के माध्यम से जल, **तरलीकृत पेट्रोलियम गैस ( LPG )** और विद्युत कनेक्शन तक पहुँच।

#### नक्सलवाद

- इसकी **शुरुआत स्थानीय जमींदारों के विरुद्ध विद्रोह के रूप में हुई,** जिन्होंने भूमि विवाद को लेकर एक किसान की पिटाई की थी।
  - यह विद्रोह **1967 में शुरू हुआ था, जिसका उद्देश्य कानू सान्याल और जगन संथाल** के नेतृत्व में मेहनतकश किसानों के बीच भूमि का उचित पुनर्वितरण करना था।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉडयूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

- **पश्चिम बंगाल से शुरू हुआ** यह आंदोलन पूर्वी भारत के अन्य कम विकसित क्षेत्रों जैसे **छत्तीसगढ़, ओडिशा और आंध्र प्रदेश तक फैल चुका है।**
- ऐसा माना जाता है कि नक्सली माओवादी राजनीतिक भावनाओं और विचारधारा का समर्थन करते हैं।
  - **माओवाद माओ त्से तुंग** द्वारा विकसित साम्यवाद का एक रूप है।
  - यह सशस्त्र विद्रोह, जन-आंदोलन और रणनीतिक गठबंधनों के संयोजन के माध्यम से राज्य की सत्ता पर कब्ज़ा करने का सिद्धांत है

## छत्तीसगढ़ में माओवादियों से मुठभेड़

### चर्चा में क्यों ?

हाल ही में छत्तीसगढ़ के **दंतेवाड़ा-नारायणपुर सीमा** पर **अबूझमाड़ के वनों में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में सात माओवादी मारे गए।**




दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

### मुख्य बिंदु

- **प्रमुख माओवादी विरोधी अभियान:**
  - इस ऑपरेशन में **शामिल बल:** यह कार्य कोंडागाँव, बस्तर, नारायणपुर और दंतेवाड़ा के **ज़िला रिज़र्व गार्ड (DRG)** के साथ-साथ राज्य के **विशेष कार्य बल (STF)** और **केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (CRPF)** द्वारा किया गया।
  - **केंद्रित या फोकस क्षेत्र:** इस अभियान का लक्ष्य **अबूझमाड़ था, जो बीजापुर, दंतेवाड़ा और नारायणपुर ज़िलों को कवर करने वाला एक घना वन क्षेत्र है** और माओवादी गतिविधियों के लिये जाना जाता है।
  - अक्तूबर 2024 में अबूझमाड़ में छत्तीसगढ़ के इतिहास की सबसे बड़ी मुठभेड़ हुई, जिसमें 38 माओवादी मारे गए।
  - **बरामद सामान: हथियारों और दैनिक उपयोग की वस्तुओं का** एक बड़ा जखीरा जब्त किया गया, जबकि सुरक्षा बलों में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।
  - **वार्षिक प्रगति:** पुलिस रिकॉर्ड बताते हैं कि 13 दिसंबर, 2023 से अब तक **माड़ बचाओ आंदोलन के तहत बस्तर में 217 माओवादी मारे गए हैं,** जिनमें से लगभग आधे अबूझमाड़ में मारे गए हैं।

### ज़िला रिज़र्व गार्ड (DRG)

- ज़िला रिज़र्व गार्ड (DRG) **छत्तीसगढ़ में एक विशेष पुलिस इकाई है, जिसकी स्थापना वर्ष 2008 में माओवादी हिंसा से** निपटने के लिये की गई थी।
- इसमें **विशेष रूप से प्रशिक्षित कार्मिक शामिल होते हैं** जो प्रभावित ज़िलों में माओवाद-विरोधी अभियान चलाते हैं, **तलाशी और ज़ब्ती करते हैं तथा खुफिया जानकारी एकत्र करते हैं।**
- माओवादी विद्रोह का मुकाबला करने के लिये DRG केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (CRPF) जैसे अन्य सुरक्षा बलों के साथ सहयोग करता है।

## वन एवं वृक्ष आवरण वृद्धि में छत्तीसगढ़ शीर्ष पर: ISFR

### चर्चा में क्यों?

हाल ही में **भारतीय वन सर्वेक्षण रिपोर्ट (ISFR) 2023** के अनुसार, **छत्तीसगढ़ संयुक्त वन और वृक्ष आवरण वृद्धि में शीर्ष राज्य** के रूप में उभरा है।

### मुख्य बिंदु

- **छत्तीसगढ़ का वन एवं वृक्ष आवरण विकास:**
  - **भारतीय वन सर्वेक्षण रिपोर्ट (ISFR) 2023** के अनुसार, छत्तीसगढ़ **संयुक्त वन और वृक्ष आवरण वृद्धि में शीर्ष राज्य** के रूप में उभरा है।
  - **छत्तीसगढ़ में वन क्षेत्र** में **94.75 वर्ग किमी.** की वृद्धि हुई, जिससे इसका कुल वन क्षेत्र **55,811.75 वर्ग किमी. हो गया।**
  - राज्य में **वन एवं वृक्ष आवरण** में कुल **684 वर्ग किमी. की वृद्धि दर्ज की गई,** जो सभी भारतीय राज्यों में सबसे अधिक है।
  - छत्तीसगढ़ का **संयुक्त वन एवं वृक्ष आवरण (55,812 वर्ग किमी.)** देश में **मध्य प्रदेश और अरुणाचल प्रदेश के बाद तीसरा सबसे बड़ा** है, जहाँ वन एवं वृक्ष क्षेत्र दोनों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

नोट :

## ISFR 2023 के प्रमुख निष्कर्ष

- **कुल वन एवं वृक्ष आवरण:**
  - भारत का कुल वन एवं वृक्ष आवरण **8,27,357 वर्ग किमी. है,** जो **देश के भौगोलिक क्षेत्र का 25.17% है।**
  - भारत में कुल वन एवं वृक्ष आवरण में **7,15,343 वर्ग किमी. वन आवरण** (कुल भौगोलिक क्षेत्र का 21.76%) और **1,12,014 वर्ग किमी. वृक्ष आवरण** ( कुल भौगोलिक क्षेत्र का 3.41%) शामिल है।
- **वन एवं वृक्षावरण वृद्धि में शीर्ष राज्य:**
  - **छत्तीसगढ़:** वन एवं वृक्ष आवरण में **684 वर्ग किमी. की वृद्धि हुई।**
  - **उत्तर प्रदेश: 559 वर्ग किमी.** क्षेत्रफल बढ़ा।
  - **ओडिशा: 559 वर्ग किमी.** क्षेत्रफल बढ़ा।
  - **राजस्थान:** क्षेत्रफल में **394 वर्ग किमी. की वृद्धि हुई।**
- **सर्वाधिक वन एवं वृक्ष आवरण वाले राज्य:**
  - **मध्य प्रदेश:** सबसे बड़ा कुल क्षेत्रफल **85,724 वर्ग किमी.**
  - **अरुणाचल प्रदेश: 67,083 वर्ग किमी.** में दूसरा सबसे बड़ा क्षेत्र।
  - **महाराष्ट्र: 65,383 वर्ग किमी.** में तीसरा सबसे बड़ा क्षेत्र।
- **सर्वाधिक वन क्षेत्र वाले राज्य:**
  - **मध्य प्रदेश: 77,073 वर्ग किमी.**
  - **अरुणाचल प्रदेश: 65,882 वर्ग किमी.**
  - **छत्तीसगढ़: 55,812 वर्ग किमी.**

# छत्तीसगढ़ रेलवे स्टेशन का नवीनीकरण

## चर्चा में क्यों ?

हाल ही में रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण के लिये केंद्र द्वारा शुरू की गई **अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 136 वर्ष पुराने ऐतिहासिक भिलाई रेलवे स्टेशन का** नवीनीकरण किया गया।

## मुख्य बिंदु

- **ऐतिहासिक भिलाई रेलवे स्टेशन का नवीनीकरण:**
  - **दुर्ग ज़िले में 1888 में निर्मित** 136 वर्ष पुराने भिलाई रेलवे स्टेशन का **यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने** के लिये नवीनीकरण किया गया है।
  - स्टेशन पर अब **सफाई में सुधार, वातानुकूलित (AC) प्रतीक्षालय और** यात्रियों को वर्षा और धूप से बचाने के लिये नए प्लेटफार्मों पर ढके हुए शेड बनाए गए हैं।
  - अतिरिक्त सुविधाओं में विशाल अनुभव के लिये ऊँची छत, बेहतर प्रकाश व्यवस्था तथा टिकट खरीद और ट्रेन की जानकारी के लिये **ई-एटीएम मशीनें** शामिल हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME
UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉडयूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- प्रवेश द्वारों का नवीनीकरण किया गया है, जिससे **यात्रियों के लिये आसान पहुँच, बेहतर सौंदर्य और बेहतर सुविधाएँ सुनिश्चित हो सकें।**

## अमृत भारत स्टेशन योजना

- **परिचय:**
  - अमृत भारत स्टेशन योजना का लक्ष्य देश भर में 1309 स्टेशनों का पुनर्विकास करना है।
  - पुनर्विकास से **आधुनिक यात्री सुविधाएँ उपलब्ध होंगी,** साथ ही सुव्यवस्थित यातायात संचलन, अंतर-मॉडल एकीकरण और यात्रियों के मार्गदर्शन के लिये संकेत भी सुनिश्चित होंगे।
  - यह योजना **रेल मंत्रालय द्वारा फरवरी 2023 में शुरू की गई थी।**
- **स्टेशनवार योजनाएँ:**
  - स्टेशन भवनों का डिज़ाइन **स्थानीय संस्कृति, विरासत और वास्तुकला** से प्रेरित होगा।
    - उदाहरण के लिये, जयपुर रेलवे स्टेशन पर **राजस्थान के हवा महल और आमेर किले जैसी विशेषताएँ दिखाई देंगी।**
- **शहरी विकास के लिये एकीकृत दृष्टिकोण:**
  - पुनर्विकास की योजना **शहरी विकास के प्रति समग्र दृष्टिकोण के साथ बनाई गई है,** जिसमें स्टेशनों को **"सिटी सेंटर" के रूप में माना गया है।**
  - इस दृष्टिकोण का उद्देश्य **शहर के दोनों किनारों को एकीकृत करना तथा सुव्यवस्थित यातायात संचलन,** अंतर-मॉडल कनेक्टिविटी और यात्रियों के मार्गदर्शन के लिये स्पष्ट संकेत बनाना है।

✦ ✦ ✦ ✦

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC मेन्स टेस्ट सीरीज़ 2025 SCAN ME

UPSC क्लासरूम कोर्सेस SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉडयूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME